जनपद हमीरपुर

प्रेस नोट-थाना सुमेरपुर **दिनांक 01.05.2026**

थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 143/2026 धारा 76/115(2)/352 भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी करने के सम्बन्ध में-

घटना का संक्षिप्त विवरण-

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा महिला अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर व क्षेत्राधिकारी सदर जनपद हमीरपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा दि0 30.04.2026 को महिला से मारपीट करने वाले अज्ञात अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 143/26 धारा 76/115(2)/352 बीएनएस बनाम अज्ञात में अभियुक्तगण 1. अनुभव उर्फ प्रिन्स पुत्र वीरेन्द्र सिंह 2. आशीष सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासीगण विदोखर पुरई थाना सुमेरपुर, हमीरपुर की आज दिनांक 01.05.2026 की पहचान कर प्रकाश में आये।

पुलिस कार्यवाही

दिनांक 30.04.2026 को अर्थ होटल में वादिया अपने भतीजे के साथ खाना खाने आयी थी। जब वह होटल से बाहर निकली तभी होटल से खाना खाकर निकले दो अज्ञात लड़कों से पार्किंग में गाड़ी निकालने को लेकर कहासुनी हो गयी थी। बाद विवाद ज्यादा होने पर अभियुक्तगण द्वारा वादिया के साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट कर दी थी तथा मौके से फरार हो गये थे। इस प्रकरण में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 143/26 धारा 76/115(2)/352 बीएनएस दिनांक 30.04.2026 को पंजीकृत किया था, जिसके बाद थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा लगनशीलता तथा सुरागरसी पतारसी व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वादिया से मारपीट करने वाले अभियुक्तगण 1. अनुभव उर्फ प्रिन्स पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी विदोखर पुरई थाना सुमेरपुर, हमीरपुर 2. आशीष सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी उपरोक्त की पहचान की गयी है। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण अनुभव उर्फ प्रिन्स व आशीष सिंह उपरोक्त की गिरफ्तारी कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

1.अनुभव उर्फ प्रिन्स पुत्र वीरेन्द्र सिंह (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी विदोखर पुरई थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।

2.आशीष सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह (उम्र करीब 25 वर्ष) निवासी विदोखर पुरई थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तारी का स्थान

कस्बा व थाना सुमेरपुर,जनपद हमीरपुर।

पुलिस टीम-

1.प्र0नि0 योगेश तिवारी थाना सुमेरपुर

2.उ0नि0 राजवीर सिंह राय थाना सुमेरपुर

3.का0 अर्पित कुमार थाना सुमेरपुर